जागरण

# 54 हजार की नकली करंसी पकड़ी, एक गिरफ्तार

Publish Date:Sat, 11 May 2019 06:24 AM (IST)

मोगा सीआइए स्टाफ ने मोगा के गाव बुट्टर कला से 54000 रुपए की नकली करेंसी एवं नकली करंसी छापने वाला सामान बरामद किया है।

जागरण संवाददाता, मोगा : सीआइए स्टाफ ने मोगा के गाव बुट्टर कला से 54000 रुपए की नकली करेंसी एवं नकली करंसी छापने वाला सामान बरामद किया है।

सीआइए स्टाफ के प्रभारी त्रिलोचन सिंह व सहायक थानेदार गुरबख्श सिंह के निर्देशन में गश्त के दौरान पुलिस ने बुट्टर कला के निकट से लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा उर्फ लखबीर सिंह नामक को संदिग्ध अवस्था में हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसके कब्जे से 500 के 16 नोट एवं दो दो हजार के 23 नकली नोट बरामद हुए। इसके साथ ही उनसे 500 का एक असली और 2000 का एक असली नोट भी मिला। पुलिस ने लखविंदर सिंह को हिरासत में लेकर 54000 के नकली नोट कब्जे में ले लिए हैं। सीआइए स्टाफ पुलिस शनिवार को आरोपित को अदालत में पेश कर रिमाड हासिल करेगी ताकि पता लगाया जा सके अब तक कितने नकली नोट छाप कर मार्केट में चलाए जा चुके हैं, एवं इस गोरखधंधे में लखविंदर सिंह के अलावा और कौन-कौन लोग शामिल हैं। आरोपी के कब्जे से एक स्केनर एवं कंप्यूटर भी बरामद किया गया है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/punjab/moga-recoverd-fake-currency-in-54-thousand-19212127.html